# सजदे में झुके अकीदतमंदों के सिर, अदा की अलविदा की नमाज

## रोजेदारों ने मांगी मुल्क में अमन-चैन, भाईचारा और सबकी सलामती की दुआ, जिलेभर में सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** माहे रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज शुक्रवार को जिले भर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत के साथ अदा की। नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन और आपसी भाईचारा की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम रहे। नमाज में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात रही। साथ ही आवागमन को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह बैरीकेडिंग भी लगाई गई थी।

शहर में सबसे बड़ी नमाज बेगमगंज स्थित जामा मस्जिद में हुई। नमाज के बाद इमाम मुफ्ती मोहम्मद रिजवान और मुफ्ती मोहम्मद अख्तर ने देश की एकता, अखंडता व सलामती की दुआ की। साथ ही ईद का पर्व शांति व भाईचारे से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक दूसरे की मदद और सभी धर्मों का सम्मान करना ही रमजान का असली मकसद है। बेगमगंज स्थित शाही मस्जिद, सिविल लाइन स्थित तैयबा मस्जिद, सिटी पुलिस चौकी के पास स्थित मस्जिद, कचेहरी स्थित मस्जिद, रेलवे स्टेशन पर स्थित मस्जिद, पीर बटावन मस्जिद, लाइनपुरवा मस्जिद, कुलवल्ला मस्जिद रसूलपुर और बंकी क्षेत्र स्थित मस्जिद समेत नगर क्षेत्र की सभी मस्जिदों में भी जुमा अलविदा की नमाज अता की गई। इसके अलावा शहर और ग्रामीण अंचल की अन्य मस्जिदों में भी अकीदतमंदों ने अलविदा की नमाज अदा की।



मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार

### डीएम-एसपी लेते रहे जायजा

अलविदा की नमाज के दौरान पुलिस-प्रशास ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। शहर के प्रमुख चौराहों से लेकर मस्जिदों के इर्दगिर्द सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। डीएम और एसपी लगातार हालातों का जायजा लेते रहे। साथ ही सभी क्षेत्रों में पुलिस फोर्स भी लगातार गश्त करती रहा।

### चला सफाई अभियान

नगर पालिका परिषद नवाबगंज प्रशासन ने अलविदा की नमाज को देखते हुए मस्जिदों के आसपास विशेष साफ सफाई अभियान चलाया। जिसमें चूने का छिड़काव कराया गया। कूड़े के ढेर हटवाए गए। ईओ संजय शुक्ला ने बताया कि सफाई निरीक्षकों को साफ सफाई बेहतर कराए जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे। सारे कार्य समय रहते संपन्न करा लिये गये थे।



ईद का त्योहार नजदीक आते ही बाजार बढ़ी खरीदारों की भीड़। अमृत विचार

### ग्रामीण अंचलों में भी अदा की गयी नमाज

अलविदा की नमाज जिले के ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में भी अदा की गयी। मसौली, रामनगर, हैदरगढ़, रामसनेहीघाट, फतेहपुर, कुर्सी, जैदपुर और दरियाबाद समेत जिले की अन्य मस्जिदों में मौलाना ने रोजेदारों को खिताब करते हुए रमजान की महत्ता बताई।

### बाजार में रही जबरदस्त भीड़

शुक्रवार को शहर के बाजार में भी भीड़ रही। पुराने निबलेट तिराहे पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों के जाने पर प्रतिबंध था। लोग बाजार व मस्जिद में नमाज अता करने पैदल ही पहुंचे। किमामी सेंवई, शाही सेंवई की खरीदारी खूब हुई। इसके अलावा घंटाघर, धनोखर, दर्पण टाकीज के पास कपड़ों की दुकानों पर भीड़ दिखी।

### नमाज के बाद दिया दान

ईदगाह कमेटी के सदर मो. उमेर किदवई ने बताया कि रमजान में दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करना भी इबादत है। नमाज के बाद दान करना अच्छा माना जाता है। इसलिये नमाज के बाद घर लौटे रोजेदार गरीबों को कपड़े व अन्य सामान आदि देते हैं। यह क्रम पूरे जिले में जारी रहा।



नगर पंचायत सिद्धौर में तैनात पुलिस। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बाराबंकी को समाजवाद का गढ़ बनाने में छोटेलाल की थी अहम भूमिका : वसीम राईन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने छोटेलाल यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजनीति के क्षेत्र में कम ही लोग ऐसे होते हैं जो रहने व न रहने पर अपनी छाप छोड़ जाते हैं। ऐसी ही पहचान पूर्व मंत्री व विधायक रहे छोटेलाल यादव की भी रही। हालांकि उनके राजनीतिक जीवन का एक स्याह पहलू यह भी है कि जिस समाजवाद के पौधे को उन्होंने बड़ा किया उसके असल मुखिया के न रहने के बाद नवागन्तुक नेतृत्व ने इस जुझारू नेता को बिसरा दिया। बदले व बिगड़े समाजवाद के इससे बड़ा प्रमाण और क्या होगा। उन्होंने कहा कि जिन उसूलों के साथ छोटेलाल यादव ने राजनीतिक जीवन जिया, वह सबके बस की बात नहीं। विरोधियों को भी अपना बना लेने की कूवत उनमें थी। बाराबंकी को समाजवाद का गढ़ बनाने में छोटेलाल की भूमिका कम नहीं रही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने राजनीति के अगले दौर में भाजपा से नाता जोड़ लिया।



### झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच होगा होली मिलन




पत्रकारों को जानकारी देते संगठन के जिला उपाध्यक्ष रविनन खजांची।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 1978 से लगातार दोसर वैश्य समाज होली मिलन समारोह आयोजित कर रहा है। यह कार्यक्रम कमरिया बाग के एक निजी पैलेस में शाम साढ़े छह बजे से आयोजित किया जाता है। इस बार का होली मिलन कार्यक्रम बड़े स्तर पर होने जा रहा है। होली मिलन कार्यक्रम में बरसाना की तर्ज पर झांकियां सजाई जाएंगी। फूलों की होली खेली जायेगी। यह जानकारी भारतीय दोसर वैश्य महासमित के जिला उपाध्यक्ष रविनन खजांची ने दी। उन्होंने बताया जिले के सभी क्षेत्रों से समाज के लगभग दो हजार से अधिक लोग शिरकत करेंगे। जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विहिप के राष्ट्रीय गोरक्षा उपाध्यक्ष होंगे,जबकि अध्यक्षता दोसर वैश्य संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता करेगे। विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रान्तीय महामंत्री श्याम मूर्ति गुप्ता, प्रान्तीय महामंत्री मंत्री संगम लाल गुप्ता, प्रदेश युवाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता, व सलाहकार डा .अजय गुप्ता की उपस्थिति में किया जायेगा। जिला प्रभारी ब्रजेश वैश्य, जिला महामंत्री राजेन्द्र दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशीष, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### परीक्षाफल पाकर छात्रों के चेहरे खिले

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** केशराई छेदा परमेश्वर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण शुक्रवार को किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। परीक्षाफल पाकर बच्चों के चेहरे खिल गये। प्रधानाचार्य वीरेश चंद्र ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतीश बाबा, उमाकांत मिश्रा, राजेश सिंह, योगेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं से मिलीं भाजपा प्रत्याशी



भाजपा प्रत्याशी के साथ अधिवक्ता दयाशंकर श्रीवास्तव व अनूप यादव।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र की भाजपा उम्मीदवार राजरानी रावत ने शुक्रवार को बाराबंकी कोर्ट परिसर में वकीलों से मिलीं और समर्थन मांगा। राजरानी रावत कचहरी में अधिवक्ता अनूप यादव व दयाशंकर श्रीवास्तव के चैम्बर में पहुंचीं। इसके बाद वह सभी अधिवक्ताओं से मिलीं। इस मौके पर भाजपा नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, शिव स्वामी वर्मा, अमरेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता, कार्यकर्ता व अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाकपा ने अरविंद सेन को अयोध्या से बनाया प्रत्याशी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाकपा ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या से मित्रसेन यादव के पुत्र अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनाया है। राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने शुक्रवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाराबंकी में कांग्रेस महागठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को समर्थन देंगे।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने शुक्रवार को सैदनपुर निवासी शानू को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 31 लीटर शराब बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने कुटी मजरे भैसुरिया निवासी शंकर व धरौली निवासी आलोक को 31 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### पेड़ काटने के विरोध पर दबंगों ने पीटा

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** अमृत विचार : गांव में दबंग एक किसान की बाग में लगे कीमती पेड़ काट ले गए। विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर किसान व उसके परिजनों की पिटाई कर दी। घटना के एक माह बीत जाने के बाद एसपी के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फुलचौरा ग्राम निवासी रामयश ने एसपी से शिकायत की कि बीती 10 मार्च की रात गांव के ही सागर व गोरखनाथ उसके बाग में लगे शीशम, चिलवल व कटूमर के चार पेड़ काटकर उठा ले गए। अगले दिन उसे जानकारी हुई तो उसने विरोध जताया। इस पर दबंगों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी।

# 10 साल से रुका जनपद का विकास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव के साथ बंकी की न्याय पंचायत मौथरी, गदिया, खसपरिया, बंकी देहात, जहांगीराबाद में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान आयोजित चौपालों में लोगों को संबोधित करते हुए तनुज पुनिया ने कहा कि बीते दस सालों से जनपद के विकास का पहिया रुक-सा गया है।



लोगों को संबोधित करते तनुज पुनिया। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा के निवर्तमान और मौजूद सांसद जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। संसदीय क्षेत्र की अवाम ने किसान, नौजावान की भाजपा सरकार में बदहाली को देखकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राहुल गांधी का सिपाही बनकर आपके बीच आशीर्वाद मांगने आया हूं। सपा विधायक सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के साथ धोखा किया है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाने लगी है। संसदीय क्षेत्र की अवाम ने इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के पक्ष में निर्णय देने का मन बना लिया है। इस दौरान नगरपालिका नवाबगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा भी मौजूद रहे।

# आग लगने से तीन घरों की गृहस्थी का सामान जला

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** घूर से लगी आग से तीन घरों की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। दो बकरियों की जलकर मौत हो गई एक भैंस झुलस गई। शुक्रवार को करीब 4 बजे थाना सफदरगंज क्षेत्र के तुरकानी में घूर से लगी आग से कल्लू की दो बकरियों की झुलसने से मौत हो गयी। दो बोरी गेहूं, चार बोरी धान, रिक्शा, तख्त, इंजन और 15 हजार की नकदी जल गयी। पड़ोसी जुग्गू लाल की एक भैंस झुलस गई। घरेलू सामान धान, गेहूं और पांच हजार रुपए नकदी जल गयी है। पड़ोसी रोहित का 4 बोरी गेहूं, 3 बोरी धान, साइकिल बर्तन आदि जलकर नष्ट हो गया।

### शार्ट सर्किट से जली गेहूं की दो बीघा फसल

**बेलहरा बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम जिगनी में खंभे से शार्ट सर्किट से जिगनी निवासी रामकृपाल की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी लेखपाल को दे दी गई है।

### कार ने युवती को मारी टक्कर

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में हाईवे पार कर रही युवती कार की टक्कर से घायल हो गयी। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर युवती को चिकित्सालय भिजवाया। बहराइच के थाना जरवल रोड ग्राम हाता रेती निवासी धिन्नू (21) अपनी बुआ जुग्गी देवी के साथ बहनोई को देखने हॉस्पिटल आ रही थी। ग्राम कटियारा के निकट हाईवे पार करते समय कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# चहेतों को बीज बांटने पर किसानों का हंगामा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार:** बनीकोडर ब्लॉक के किसान कल्याण केंद्र मालिनपुर में गोदाम प्रभारी द्वारा निःशुल्क उडद बीज चहेतों को बांटने का आरोप लगाते हुए किसानों ने शुक्रवार को हंगामा किया। डीएम ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

शासन द्वारा किसानों के लिए 4 किलो पैकेट की 200 उड़द के बीज के किट निःशुल्क वितरण के लिए भेजी गई थी। गोदाम प्रभारी द्वारा इसकी जानकारी न तो प्रधानों को दी गई और न ही किसानों को। गोदाम प्रभारी ने गुरुवार चहेते किसानों को किट बांटनी शुरू की। इसकी जानकारी होने पर आसपास के दर्जनों किसान केंद्र पर पहुंच गए। इस पर प्रभारी ने शुक्रवार को किट देने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया था।

शुक्रवार की सुबह किसान कल्याण केंद्र पर किसान पहुंचे तो गोदाम प्रभारी जितेंद्र कुमार गोदाम में ताला लगाकर गायब हो गए। दिन में एक बजे तक ताला न खुलने से किसान आक्रोशित किसानों ने हंगामा किया। इस मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# सप्त ऋषियों में होती है महर्षि कश्यप की गणना

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** महर्षि कश्यप की गणना सप्त ऋषियों में की जाती है। कश्यप को ऋषियों-मुनियों में श्रेष्ठ माना गया है। ये विचार जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, डॉ. उमेश चंद्र कश्यप, जगजीवन कश्यप, गुड्डू कश्यप, रमेश कश्यप, विनोद कश्यप, रामसेवक कश्यप, हनुमान निषाद, संजय कश्यप, रामप्यारे निषाद, त्रिभुवन कश्यप व कश्यप एवं निषाद परिवार मौजूद रहा।

# 118 केंद्रों पर सास-बहू सम्मेलन आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए शुक्रवार को जनपद के 118 केन्द्रों पर सास-बहू व ननद सम्मेलन हुआ। इसमें 4438 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा महिलाओं का मतदान की शपथ दिलायी गयी। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय ने हस्ताक्षर करके किया।

निर्देश — प्रत्याशी प्रतिदिन के चुनावी खर्च को व्यय रजिस्टर में करें दर्ज

# बड़ी रैलियों पर नजर रखें व्यय टीमें :डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम तथा सहायक व्यय प्रेक्षकों का द्वितीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में शुक्रवार को दिया गया। उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षक को निर्देशित किया कि संवेदनशील आयोजनों और बड़ी रैलियों की वीडियोग्राफी का व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करेंगे।




बैठक में निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 40 लाख रुपए निर्धारित है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमें प्रत्येक प्रत्याशी के सम्बन्ध में व्यय से सम्बन्धित रिपोर्ट प्राप्त करेंगे और उसके निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के लेखे में दर्शायेंगे। उन्होंने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अपने सभी कार्यकलापों पर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए वीडियो निगरानी टीम तैनात की गई है। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार, प्रभारी अधिकारी (वीडियो अवलोकन/वीडियो निगरानी) विकास कुमार सेठ, समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं, ईशानी मौर्या पुत्री अमिताभ मौर्या निवासी ग्राम बिनारसी, पो. चुड़ियाला, तहसील–भगवानपुर जिला हरिद्वार सूचित करती हूं कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी में मेरा नाम त्रुटिवश आकांक्षा मौर्या लिख गया है जबकि सही नाम ईशानी मौर्या है। अतः मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मैं रेवती देवी (Rewati Devi) अपने पुत्र पूरन सिंह गैड़ा के आर्मी नं.– 4205814L, निवासिनी–मानू ध्याड़ी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेवती देवी (Ravti Devi) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेवती देवी (Rewati Devi) दर्ज किया जाये।

NOTICE
I, No JC-502300H NB SUB Nishan Singh, R/o Village-Warring, Post-Moharipur, Teh. & Distt.-Taran Taran, Punjab have changed my name from Harwinder Kaur to Harvinder Kaur vide Affidavit dated 04 Apr 2024. In future I must be known as Harwinder Kaur to Harvinder Kaur.

सूचना
सूचित करता हूँ कि मैं बबलू पुत्र स्व बदलू निवासी–सब्जी, बबुरा पोस्ट–बीजेमऊ, परगना–सरेनी, तहसील–लालगंज जिला रायबरेली मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बदलू के स्थान पर बाबू अंकित हो गया है। अतः मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में बाबू के स्थान पर बदलू अंकित किया जाये। मेरे सभी दस्तावेजों पर बदलू ही अंकित है। जो कि सही और सत्य हैं।

सूचना
आवश्यकता
अनुभवी मैनेजर/ कुक/स्वीपर की अयोध्या में 'द रामालया' निकट देवकाली, 'होम स्टे' के लिए चाहिये।
संपर्क करें– 9129959499
साल में लाखों कमाएं

सूचना
सूचित हो कि मैं रूपरानी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निवासी– ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0 की मूल निवासिनी हूँ। पहले मेरा नाम रूपरानी था। लेकिन अब मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निकट –ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0 के समस्त सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता हो गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.19 बजे
इफ्तार : 6.39 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.26 बजे
इफ्तार : 6.29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### रंजिश में पुलिस के सामने दुकानदार की पिटाई

**हरगांव।** थाना इलाके के कस्बा क्षेत्र मे पुरानी रंजिश मे एक दुकानदार को मुहल्ले के ही दो लोगों ने गाली गलौज के साथ मारपीट कर दी। क्षेत्र के रामपुर बरौरा निवासी मनोज तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विपक्षी सूरज व चुनमुन ने पीड़ित के साथ पुरानी रंजिश मे गालीगलौज व मारपीट किया। पीड़ित जब पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घर पहुंचा तो विपक्षियों ने अन्य चार पांच लोगों के साथ मिलकर मौके पर पहुंची पुलिस के सामने ही पीड़ित व छोटे भाई नीरज व बहन को दौड़ाकर मारा पीटा। आरोप है कि पीड़ित के घर का दरवाजा भी तोड़ डाला। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** मादक द्रव्य पदार्थों की बिक्री व रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामकोट पुलिस ने दो अभियुक्तों के पास से गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जेल भेजने की कार्रवाई की। रामकोट पुलिस ने अभियान के तहत विमल कुमार पुत्र सुरेश व रामजीवन पुत्र रामप्रसाद निवासी अहाता कप्तान हबीबपुर के पास से कुल एक किलो 770 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसमे विमल के पास से 950 ग्राम व रामजीवन के पास 820 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### चोरी की तीन बाइकों के साथ दो आटोलिफ्टर गिरफ्तार

**सीतापुर।** अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। तालगांव पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल सहित दो आटोलिफ्टर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तालगांव पुलिस ने लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना क्षेत्र के भुडकुड़ी गांव निवासी सोनू सिंह पुत्र हवलदार व अकबर अली पुत्र दूबर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो आपस में मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम देते थे। स्थानीय पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त सोनू के खिलाफ तालगांव थाने सहित गैर प्रांत पंजाब में भी चोरी नकबजनी के अभियोग दर्ज हैं।

### पीएसी बल के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मानपुर।** थाना मानपुर इलाके में शुक्रवार को पोलिंग बूथों वाले इलाके में पुलिस व पीएसी ने रूट मार्च कर जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया।इंचार्ज ने बताया की इससे पहले भी अर्धसैनिक बलों के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में भी शांति व सुरक्षा को कायम रखने के लिऐ रूट मार्च किया गया।साथ ही ग्रामीणोंसे भी वार्ता की गई।

# अपने ही फैसले पर अखिलेश यादव भ्रमित

## सपा सुप्रीमो ने मिश्रिख लोकसभा सीट पर एक ही परिवार के कई बार बदल दिए प्रत्याशी

अभिषेक सिंह, सीतापुर

**अमृत विचार।** फैसले लेकर पलट जाना सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पुरानी आदत रही है। यह नजारा वर्ष 2012 से 2017 तक समाजवादी सत्ता के दौरान कई बार देखने को मिला था। वैसा ही नजारा फिर से लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। अखिलेश यादव फिर से बार बार अपने ही फैसलों को पलटते नजर आ रहे हैं। सपा के उम्मीदवारों का बार-बार बदला जाना अखिलेश यादव को छटपटाहट को साफ दर्शाता है। अकेले मिश्रिख लोक सभा सीट पर ही पार्टी प्रमुख ने तीन बार प्रत्याशी घोषित किये हैं।


मिश्रिख लोक सभा सीट गठबंधन के बंटवारे में सपा के खाते में आई है। नैमिषारण्य क्षेत्र होने के लिहाज से यह सीट और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले दो बार से यह सीट भाजपा के कब्जे में रही है। 2014 में जहां भाजपा ने इस सीट से अंजू बाला चैधरी को मैदान में उतार कर जीत दर्ज की थी, तो वही 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने यहां से अशोक रावत को चुनाव लड़ा कर विजय प्राप्त की थी। भाजपा ने फिर से इस सीट पर कब्जा जमाए रखने के लिए पुराने प्रत्याशी और मौजूदा सांसद अशोक रावत पर दांव लगाया है। जबकि सपा गठबंधन इस सीट पर प्रत्याशी की घोषणा को लेकर काफी पशोपेश में दिखाई दे रहा है। मिश्रिख लोक सभा सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव तीन बार प्रत्याशी की घोषणा कर चुके हैं। पीएम मोदी के तिलिस्म को तोड़ने के लिए हर मुमकिन कोशिश भी कर रहे हैं। लेकिन अपने ही फैसलों पर न टिक पाने के चलते सियासी गलियारों में अखिलेश यादव को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

**असमंजस**

▸▸ **सुरक्षित सीट पर मोदी के तिलिस्म को तोड़ने की दिख रही छटपटाहट**

### आसान नहीं होगा बीजेपी के विजय रथ को रोकना

मिश्रिख लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने के लिए समाजवादी पार्टी चुनावी समीकरण साधने में जुटी है। लेकिन इन सब के बाद भी मिश्रिख लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के विजय रथ को रोकना आसान नहीं होगा। नैमिषारण्य की धर्मधुरी पर टिकी मिश्रिख लोकसभा सीट के मतदाता शायद इस बार भी विकास कार्यों और मोदी मैजिक को नजरअंदाज नहीं कर सकेंगे। सीतापुर एक धार्मिक नगरी है। यहां पर दूरदराज के स्थानों से लोग परिक्रमा के लिए पहुंचते हैं।


पूर्व कारागार राज्यमंत्री रामपाल राजवंशी।


मनोज राजवंशी।


संगीता राजवंशी। अमृत विचार

### तो चुनावी समीकरण साधने के लिए बदले जा रहे प्रत्याशी

मिश्रिख लोक सभा सीट पर लगातार प्रत्याशी बदले जाने को लेकर चर्चा है कि सपा चुनावी समीकरण साधने में जुटी है। सुरक्षित मिश्रिख लोक सभा सीट पर पासी मतदाता निर्णायक साबित होता है। ऐसे में सपा ने पासी विरादरी से आने वाली संगीता राजवंशी को उतार कर एक तीर से दो निशाने साधने के काम किया है। पासी वोट बैंक कब्जाने के साथ-साथ महिलाओं को भी अपने पाले में करने का खाका खींचा है।

### सपा ने एक माह में बदले तीन प्रत्याशी

मिश्रिख लोक सभा सीट पर जीत दर्ज करने की मंशा को लेकर सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदल दिए। पहले 19 फरवरी को जहां पार्टी ने पूर्व कारागार राज्यमंत्री व मिश्रिख विधानसभा के पूर्व विधायक रामपाल राजवंशी को लोस प्रत्याशी घोषित किया था। इसके बाद 17 मार्च को सपा सुप्रीमों अपने ही फैसले को पलटते हुए रामपाल राजवंशी के बेटे मनोज राजवंशी को प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस घोषणा के महज तीन दिन बाद फिर से सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने फैसले से पलट गए। इस बार अखिलेश यादव ने रामपाल राजवंशी की बहू व मनोज राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी के नाम की घोषणा कर दी।

# पति को बीच सड़क पिटवा कर महिला प्रेमी के साथ फरार

▸▸ **40 हजार की नकदी सहित जेवरात लेकर फरार हुई महिला, एक आरोपी गिरफ्तार**

**महोली, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में एक नवविवाहिता ने अपने पति को प्रेमी और उसके दोस्तों से पिटवाकर प्रेमी के साथ फरार हो गया। विवाहिता अपने साथ नकदी, मोबाइल सहित सोने चांदी के जेवरात लेकर रफू चक्कर हो गई। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी कौशल को गिरफ्तार कर मामले में फरार चल रहे प्रेमी सहित अन्य की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम चतुरैया निवासी धनश्याम पुत्र छोटेलाल का विवाह तीन माह पूर्व नवविवाहिता खुशबू निवासी मोहल्ला गुजिया कस्बा महोली के साथ हुआ था। बताया जाता है कि विवाहिता खुशबू का प्रेम प्रसंग शादी से पहले अनुराग नामक युवक से चल रहा था। पति का कहना है कि उसकी पत्नी अनुराग के अलावा पिसावां के चौकनिया निवासी दूर के रिश्ते में लगने वाले भांजे कौशल पुत्र कल्लू से भी फ़ोन पर बात किया करती थी। गुरुवार को पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार विवाहिता ने पति से साड़ी खरीदने की जिद्द करके महोली कस्बा पहुंची। यहां पर पहले से मौजूद महिला के प्रेमी और उसके दोस्तों ने पति को उसके सामने बेरहमी से मारा पीटा।

आरोप है कि महिला अपने पति की पिटाई को देखती और सड़क पर पति को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ बैठकर रफूचक्कर हो गई। पीड़ित पति ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई और पुलिस को तहरीर देकर महिला के प्रेमी और उसके साथियों पर कार्रवाई की मांग की। पति ने बताया कि उसकी पत्नी अपने साथ मोबाइल, 40 हजार की नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात को लेकर फरार हो गई है।

प्रभारी निरीक्षक उमाकान्त शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मारपीट में शामिल एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शेष की तलाश जारी है जांचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों की अनदेखी भाजपा को चुनाव में पड़ेगी भारी: किसान मंच

**सीतापुर,अमृत विचार।** मुंशीगंज कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में किसान मंच पदाधिकारियों द्वारा वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई! बैठक को संबोधित करते हुए किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि संगठन पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे चुनाव में उम्मीदवारों की कार्यशैली का आकलन कर राजनीतिक पार्टियों के फर्जी प्रलोभन से अलग हटकर अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। जाति और धर्म के नाम पर चुने जनप्रतिनिधि पांचों वर्ष अपने निजी स्वार्थ में व्यस्त हो जाते हैं।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि आजादी के बाद अब तक अन्नदाता किसानों से अधिक अनदेखी किसकी नहीं की गई। कारण सिर्फ आपसी एकजुटता की कमी और जाति धर्म के नाम पर आपसी विभाजन रहा है। उन्होंने कहा कि समय आ चुका है कि पूर्व में हुई भूलों को भूलकर अपने हकों के लिए लोकतंत्र में हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। मंडल अध्यक्ष सरदार निर्भय सिंह ने कहा कि हम सभी संगठन पदाधिकारियों का दायित्व ज्वलंत मुद्दों पर निराकरण के लिए हमेशा संघर्ष कर समस्याओं से निजात पाना होना चाहिए! नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेयी ने कहा कि संगठन द्वारा मुझ पर किए गए विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। किसान हितों में संघर्ष ही हमेशा हम सभी उद्देश्य होगा। बैठक में विजय कुमार सिंह,ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी, मुनेश्वर सिंह,श्री कृष्ण पाल, गायत्री देवी,विट्टो देवी,रजनीश बाजपेई,नीलम प्रजापति, मो नफीस,रामेन्द्र कुमार,राम नरेश, उदय राज सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर माला पहनाकर स्वागत करते किसान मंच के पदाधिकारी।

# फौजी की दुकान से पान मसाला की बोरियां चोरी

▸▸ **राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे दुकान से दिन-दहाड़े चोरों ने दिया वारदात को अंजाम**

**महोली, अमृत विचार।** बाइक सवार शातिर चोरों ने किराने की दुकानों से पान मसाले के बोरी को निशाना बनाया है। शुक्रवार को दिन-दहाड़े एक रिटायर्ड फौजी की दुकान से चोरों ने कर्मियों को चकमा देकर पान-मसाले की बोरियां लेकर रफूचक्कर हो गये।

क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे उरदौली गांव निवासी श्याम जी पुत्र हरिशरन लाल वर्मा एयरफोर्स में जवान थे। बताया जाता है कि करीब दो वर्ष पहले उन्होंने नौकरी से इस्तीफा देकर गांव आकर खेती-बाड़ी के काम में लग गए थे। बीते वर्ष उन्होंने नेशनल हाईवे किनारे किराना और जनरल स्टोर खोला था। फौजी श्याम जी ने बताया कि गुरुवार को वह अपनी दुकान पर ही थे। दुकान परिसर में काउंटर के पास किशोर पान मसाला भरी बोरी रखी थी। बाजार में भीड़-भाड़ के दौरान वह दुकानदारी में व्यस्त हो गए, तभी अज्ञात शातिर चोर दुकान पर आए और पान मसाले की बोरी उठा ले गये। इस बोरी की कीमत करीब 24 हजार रुपए है। लेकिन पंचायत भवन में लगे कैमरे में एक बाइक पर सवार दो लोग पान मसाले की बोरी ले जाते हुए दिखाई दिये। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट लगा रखी है जबकि पीछे नीली रंग की शर्ट पहने कोई किशोर बोरी पकड़े बैठा है। श्याम जी ने सीसीटीवी फुटेज से तस्वीर निकाल कर केस दर्ज कराने के लिए पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक महोली उमाकांत शुक्ला का कहना है कि व्यापारी की लिखित शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### महिला अधिवक्ताओं के लिए निर्धारित कक्ष का होना जरूरी


नामांकन पत्र सौंपतीं आरती राय। अमृत विचार

**सीतापुर।** बार एसोसिएशन सीतापुर चुनाव को लेकर इन दिनों काफी हलचल है। जिसमे महिला अधिवक्ताओं भी बढ़ चढ़ कर भागीदारी कर रही है। इसी क्रम में महिला अधिवक्ता आरती राय कनिष्ठ उपाध्यक्ष व सविता ने कार्यकारिणी के लिए अपना नामांकन पत्र एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सौंपा। इस मौके पर अधिवक्ता आरती राय ने कहा कि अधिवक्ता हित के साथ साथ महिला अधिवक्ताओं के बैठने, भोजन करने तथा परिचर्चा करने के लिए बार एसोसिएशन में एक निर्धारित कक्ष का होना अति आवश्यक है, जहां पर शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। वही सविता ने कहा कि वह भी अधिवक्ता हित के लिए हर बेहतर प्रयास करेंगी। इस दौरान अधिवक्ता सपना त्रिपाठी, संध्या दीक्षित, सीमा खान, रेनू राज, ऋचा दीक्षित, रिया दीक्षित आदि महिला अधिवक्ताए मौजूद रही।

### प्लाइवुर्ड फैक्ट्री के प्रदूषण की शिकायत पर टीम ने की खानापूर्ति


प्लाईवुड फैक्ट्री की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

**लहरपुर।** भदफर मार्ग पर स्थित ग्राम रमना फार्म के निकट एक प्लाईवुड फैक्ट्री द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों ने कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति की। क्षेत्र के ग्राम रमना फार्म स्थित मेसर्स एस आर बी बोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मुख्य पर्यावरण अधिकारी डॉ. राम करन ने टीम गठित कर सैंपलिंग के लिए भेजा था। वहीं टीम पहुंचने से पहले ही फैक्ट्री का संचालन बंद कर दिया गया। प्रदूषण विभाग के हेड ऑफिस से आई टीम ने डेस्ट सैंपलर मशीनों को एक पब्लिक स्कूल और एक तान्या प्लाई एंड वुड फैक्ट्री के पास लगाकर देर रात तक प्रदूषण की सैंपलिंग की। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जब फैक्ट्री बंद थी तो केवल जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई है। इस संबंध में जब शुक्रवार को मुख्य पर्यावरण अधिकारी डॉ. रामकरन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच की गई है, सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महोली में भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन


चुनाव कार्यालय के उदघाटन के दौरान हवन करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सांसद रेखा वर्मा, विधायक शशांक त्रिवेदी व अन्य।। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में लोकसभा क्षेत्र धौरहरा के अंतर्गत आने वाली महोली विधानसभा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद व लोकसभा प्रत्याशी रेखा वर्मा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला महोली विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम रीति रिवाज से पूजा पाठ की गई तत्पश्चात हवन का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेताओं द्वारा आहुति दी गई और चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की धौहरारा लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने जा रही है इस लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभाये महोली व हरगांव सीतापुर जिले के अंतर्गत आती है जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा यह दोनों विधानसभाएं हमारी प्रत्याशी रेखा वर्मा प्रचंड मतो के साथ विजई होगी। और 4 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गले में जो विजय माला सुशोभित होगी इसका एक कमल धौरहरा लोकसभा का भी होगा जिसमें महोली का महत्वपूर्ण योगदान होगा। कार्यक्रम को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रेखा वर्मा ने बताया की धौरहरा लोकसभा का एक-एक व्यक्ति मेरे लिए सम्मानित है और मेरे परिवार का अंग है यहां के मान सम्मान और विकास का ख्याल मैंने हमेशा रखा है महोली विधानसभा ने सदैव मुझे आशीर्वाद दिया है और इस बार भी देगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नहर की झाड़ियों में मिला बालक का शव


मृतक बालक के घर के बाहर जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

**लहरपुर, अमृत विचार।** शारदा नहर में बुधवार को डूबे नगर के मोहल्ला शेख टोला निवासी 11 वर्षीय बालक का शव शुक्रवार को झाड़ियों में फंसा मिला। अरशान पुत्र सईद नहर में पैर धोते समय फिसल जाने से नहर में डूब गया था।तब से लगातार परिजन शारदा नहर के किनारे किनारे नहर में डूबे अरशान की तलाश कर रहे थे।

शुक्रवार को ग्राम लश्करपुर के निकट नहर में एक शव को बहते हुए देखकर परिजनों ने नहर में छलांग लगाई, लेकिन वह शव एक कुत्ते का था।परिजन नहर में ही तैरते हुए आगे बढ़ रहे थे तभी नहर में लगी झाड़ियां में फंसे हुए अरशान का शव देखकर उसे बाहर निकाला गया और उसे लेकर लहरपुर अपने आवास पर पहुंचे।

# गौवध/हत्या में लिप्त नौ अंतर्जनपदीय अपराधियों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**कार्रवाई**

▸▸ **अपराधियों की संपत्ति भी की जाएगी जब्त**

**अमृत विचार।** पुलिस ने लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर अंतर्जनपदीय अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों के कुल नौ अंतर्जनपदीय अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर निरुद्ध कियाहै। सभी शातिर अपराधी गैंग बनाकर चोरी, नकबजनी, हत्या, गोवध व मारपीट की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस विवेचना के दौरान सभी अपराधियों की अपराध अर्जित सम्पत्तियों को भी जब्त करने की कार्वाई करेगी।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने थाना महमूदाबाद टीम द्वारा गोवधध्हत्या जैसे अपराधों में लिप्त कुल 09 अपराधियों सुऐब पुत्र अख्तर कुरैशी निवासी मो. कटरा, नफीस पुत्र सगीर निवासी नूरपुर थाना महमूदाबाद, अजय सिंह पुत्र स्व. अजीत सिंह निवासी कन्हैयानगर मोहम्मदपुर खत्री कल्यानपुर थाना गुडम्बा लखनऊ, नितिन कुमार सिंह पुत्र अखिलेश सिंह मूल निवासी ग्राम निजामपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज हाल, राहुल कश्यप उर्फ बाला पुत्र देवदयाल उर्फ दयाल कश्यप निवासी ए-95 प्रगति बिहार कल्यानपुर, विकासनगर लखनऊ, जयेश कुमार सिंह पुत्र विश्वविजय सिंह निवासी सनराइज अपार्टमेन्ट सेक्टर, 10 इंसाफ नगर, इन्दिरानगर लखनऊ आदित्य कुमार उर्फ सुशील उर्फ मनोज पुत्र धर्म कुमार निवासी नई गली कटरा भयारा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी व अतुल कमार यादव पुत्र राम नरेश निवासी बाबापुरवा थाना मसौली जनपद बाराबंकी के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं जिनके विरुद्ध हत्याध्गोवध जैसे अपराधों के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने अभियुक्तों के विरूद्ध गैंग चार्ट अनुमोदित कराकर थाना महमूदाबाद पर उप्र गैंगेस्टर अधिनियम के तहत केस पंजीकृत किया है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना/साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

**नाराजगी** मतदाताओं को रिझाने में जुटा प्रशासन, ग्रामीणों के साथ की बैठक

# शत-प्रतिशत मतदान में रोड़ा बनेगी सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग

▸▸ **16 वर्षों पहले रेलवे ने गाटर लगा कर बंद कर दी थी रेलवे क्रॉसिंग**

▸▸ **बीते माह ग्रामीणों ने किया था मतदान बहिष्कार का ऐलान**

**महोली, अमृत विचार।** चुनावी मौसम शुरू हो गया है। लेकिन महोली विधानसभा क्षेत्र में सढ़ियामऊ की रेलवे क्रॉसिंग शत-प्रतिशत मतदान में बाधा बन रही है। बीते करीब डेढ़ दशक से 10 किमी फेर लेकर महोली पहुंचने वाले ग्रामीण सरकार और उनके प्रतिनिधियों से नाराज हैं। उनकी बेपरवाही से परेशान करीब दो दर्जन गांवों के ग्रामीण बीते माह ही मतदान बहिष्कार का ऐलान कर कर चुके हैं। अब मतदान की तारीख तय होने के बाद प्रशासन उन्हें रिझाने में जी-जान से जुटा हुआ है।

गुरुवार को तहसीलदार अनिल कुमार राम और इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला दलबल सहित सढ़ियामऊ गांव पहुंचे। यहां उन्होंने कई गांवों के ग्रामीणों संग बैठक कर उनसे शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। आक्रोशित ग्रामीणों ने अफसरों को अपने बीच पाकर अपने 16 साल का दर्द साझा किया। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूली बच्चे हो या कोई मरीज हम लोगों को 10 किलोमीटर फेर कर महोली जाना पड़ता है। रास्ता न होने की वजह से वैवाहिक कामों में अड़चनें आ रही हैं। खेती-किसानी के काम बाधित हो रहे हैं। बीते करीब 16 वर्षों से हम लोग अवरुद्ध रेलवे क्रॉसिंग खोले जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार और उनके प्रतिनिधि हम लोगों को नजर अंदाज कर रहे हैं। वर्ष 2008 से अब तक लोकसभा और विधानसभा के 5 चुनाव हो चुके हैं। लेकिन हर चुनाव में हम किसानों का दर्द हाशिये पर रहा। यही वजह थी कि 2022 के चुनाव में सिर्फ सढ़ियामऊ गांव के मतदाताओं ने मतदान बहिष्कार किया था, इस बार इस बेल्ट के करीब दो दर्जन गांवों के ग्रामीण मतदान बहिष्कार की बात कर रहे हैं। अफसर के लाख समझाने पर अधिकांश ग्रामीण मतदान करने के लिए बेमन ही सही लेकिन राजी दिखे। वहीं कुछ ग्रामीणों के सुर बगावती थे। उन्होंने कहा कि हर साल चुनाव से पहले आश्वासन का लॉलीपॉप थमा दिया जाता है लेकिन जमीन स्तर पर कोई काम नहीं होता।


ग्रामीणों के साथ बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

### सांसद ने लोकसभा में उठाया था मुद्दा

अफसरों ने ग्रामीणों को बताया कि धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा बीते माह लोकसभा में सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग का मुद्दा उठा चुकी हैं। आचार संहिता के प्रभावी होने के चलते यह काम नहीं हो सका। लेकिन शीघ्र ही सढ़ियामऊ की अवरुद्ध रेलवे क्रॉसिंग को बहाल करने और ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ते को बहाल करने का कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व सिंचाई विभाग के आला अफसर अपने अधिकार क्षेत्र की सड़क को व्यवस्थित कराने का प्रयास कर रहे हैं। करीब पौने दो किमी दूरी में डामर रोड बनाने में करीब एक करोड़ का खर्चा आएगा जो अभी संभव नहीं है लेकिन सरकार के लिए ग्रामीणों का हित सर्वोपरि है। शीघ्र ही आपकी समस्या दूर होगी। आप लोग मतदान बहिष्कार की बात न करें बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इस उत्सव में शामिल हों। इस पर ग्रामीणों ने उन्हें मतदान करने के लिए आश्वासन दिया है।

# गोला में सड़क से लेकर फुटपाथ तक खड़ी होती हैं बाइक

जाम की समस्या

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** नगर की अधिकांश बैंकों में पार्किंग व्यवस्था न होने से सड़क से लेकर फुटपाथ तक ग्राहकों की बाइक और साइकिल खड़ी रहती है, इससे मुख्य सड़कें सकीर्ण हो जाती हैं। दोनों तरफ से वाहन आ जाने पर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भी दिक्कतें होती हैं।

नगर की मोहम्मदी रोड पर पंजाब नेशनल बैंक, अर्बन कोआपरेटिव बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक, खुटार रोड पर यूको बैंक, अलीगंज रोड पर आर्यावर्त बैंक और गोला सीमा के बाहर यूनियन बैंक स्थापित है। सबसे ज्यादा बैंकें लखीमपुर रोड पर हैं। अशोक चौराहा से चंद कदम चलने पर ही एचडीएफसी, बैंक आफ बड़ौदा, बैंक आफ इंडिया, इंडियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक, एक्सिस बैंक हैं। इनके पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिससे बैंक आने वाले खाताधारकों की बाइक और साइकिलें सड़क से लेकर फुटपाथ तक कब्जा कर लेती हैं।

### आईसीआईसीआई बैंक के बाहर रोड पर खड़ी होती हैं बाइकें

मोहम्मदी रोड स्थित प्रथम तल पर आईसीआईसीआई और द्वितीय तल पर अर्बन कोआपरेटिव बैंक है। दोनों बैंकों के ग्राहक बैंक आने पर अपनी बाइक, साइकिलें सड़क किनारे ही खड़ी कर देते हैं। इस रोड पर कई विद्यालय होने के कारण स्कूलों में छुट्टी के समय घर वापस जाने वाले विद्यार्थियों को भी दिक्कतें होती हैं।



बैंक के बाहर खड़ी बाइकें।


पीएनबी में जगह न होने से गली में खड़ी बाइकें।

### गली में बाइकें खड़ी होने से पैदल निकलना तक होता है मुश्किल

मोहम्मदी रोड पर ही पंजाब नेशनल बैंक के बाहर छह या सात बाइक खड़ी होने की फुटपाथ पर जगह है। अधिक खाताधारकों के आने पर वह लोग अपनी बाइकें लोहिया गली में खड़ी कर देते हैं। दोनों तरफ बाइकें खड़ी होने से बीच में इतनी भी रास्ता नहीं बचती है कि पैदल निकलने वाले आसानी से निकल सके।

> सड़क किनारे पार्किंग बनाना नियमानुसार गलत है। बैंक प्रबंधक और व्यापारी सड़क किनारे वाहन न खड़े होने दें। जल्द ही अभियान चलाकर वाहन स्वामियों और पार्किंग बनवाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
> – इंद्रजीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक– गोला।

### जिला सहकारी बैंक के बाहर लगे हैं खोखे

अशोक चौराहा पर ही जिला सहकारी बैंक है। इस बैंक के पास अपनी पार्किंग व्यवस्था है। लेकिन सामने फल के खोखे सड़क तक लगने से लोगों को बैंक तक दिखाई नहीं पड़ती। साथ ही खाताधारकों को अपने वाहन खड़े करने में दुश्वारियां होती हैं। बैंक प्रबंधक संजय पाठक ने बताया कि फल के खोखे हटाने के लिए उन्होंने अपने स्तर से प्रयास कर नगर पालिका को भी पत्र दिया, लेकिन खोखे नहीं हट सके।


डीसीबी के बाहर लगे फल के खोखे।

### एचडीएफसी पर आने वाले ग्राहक घेर लेते हैं आधी सड़क



एचडीएफसी बैंक के बाहर सड़क तक खड़ी बाइकें।

अशोक चौराहा से चंद कदम चलने पर ही लखीमपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक में आने वाले ग्राहक आधी सड़क पर अपने वाहन खड़े कर देते हैं। सामने पब्लिक इंटर कालेज होने पर वाहनों की अधिकता होने पर बाउंड्री के बाहर बाइकें खड़ी होती हैं। कॉलेज प्रबंधक विजय कुमार माहेश्वरी ने गेट के निकट ग्राहकों के वाहन खड़े होने पर आपत्ति भी जताई, लेकिन बैंक प्रबंधक ने पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की, जिससे छुट्टी के समय विद्यार्थियों को निकलने में दिक्कत होती है।

नगर के सामाजिक कार्यकर्ता महेश कुमार पटवारी कहते हैं कि भवन स्वामियों ने जब अपने बड़े–बड़े भवन मोटे किराए पर बैंकों को दे रखे हैं तो फिर वह नगर पालिका को पार्किंग शुल्क क्यों नह देते। नगर पालिका बैंकों को पार्किंग शुल्क अदा करने के लिए नोटिस जारी नहीं करती है। यही वजह है कि वाहन सड़क तक खड़े होते हैं। फुटपाथ तो नागरिकों के पैदल चलने के लिए है जिस पर बैंकों ने पार्किंग के नाम पर अवैध कब्जा बना रखा है, जिसे जनहित में हटाया जाना जरूरी है।


महेश पटवारी।


आयुश त्रिपाठी।

युवा व्यापारी आयुष त्रिपाठी ने बताया कि उनकी दुकान इंडियन बैंक के निकट है, जहां आये दिन लोग अपने दो और चार पहिया वाहन बैंक के सामने से लेकर रोड के किनारे और अन्य दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं। जिसके चलते आये दिन यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और क बार वाहन पार्क करने को लेकर कहासुनी की नौबत भी आ जाती है। यहां पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।


प्रेम प्रकाश शुक्ला।

एडवोकेट प्रेम प्रकाश शुक्ला का कहना है कि पंजाब नेशनल बैंक में ग्राहकों की मुख्य समस्या पाकग की है। बैंक में आए हुए ग्राहकों के वाहनों के कारण बैंक के अन्दर बाहर जाना अत्यंत कठिन होता है। विशेषकर महिलाओं को, इसके साथ ही बैंक के पास वाली गली में भी निकलना मुश्किल होता है।


सुनील अग्निहोत्री।

मोहम्मदी रोड पर तीन बैंके आमने सामने हैं, जहां रोज खाताधारक आते हैं, जो अपने दो पहिया वाहन बैंक के सामने बेतरतीब पार्क कर देते है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था तो बिगड़ती ही है। साथ ही बुजुर्गों आदि को दिक्कत होती। बैंक प्रबंधक को पार्किंग की समुचित व्यवस्था बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## एक नजर

### दुष्कर्म और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर पुलिस ने दुष्कर्म और मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि कोतवाली सदर के गांव मैनहा निवासी राम लखन के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उसे पुलिस तलाश रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गांव के निकट से गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### डीएम ने अफसरों को पढ़ाया जिम्मेदारियों का पाठ

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर सभागार में बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारियों का पाठ पढ़ाते हुए ईमानदारी से उनका निर्वहन करने के लिए कहा। साथ ही अधिकारियों से उनके कार्य दायित्व को लेकर सवाल करते हुए कहा कि चुनाव को लेकर आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। डीएम ने निर्वाचन आयोग से जारी निर्देशों का अध्ययन करने और चुनाव से जुड़े समस्त कार्य समय पर पूरा करने के लिए कहा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन एक समयबद्ध प्रक्रिया होती है, सभी लोग समय का विशेष ध्यान रखें। निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराना पहली प्राथमिकता है।

### पर्चे पर दवाओं के साथ लगेगी जागरूकता की मुहर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** डीएम ने जिला अस्पताल एवं महिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा के पर्चे पर पहले मतदान फिर जलपान की मोहर लगाने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। डीएम ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी होनी चाहिए। सरकारी कार्यालयों से जारी होने वाले पत्रों पर भी पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन की मुहर लगाई जाए। उन्होंने कहा कि स्वीप योजना के तहत प्रचार प्रसार कर 90 फीसदी से अधिक मतदान करने की योजना है। इसके लिए सभी लोग प्रयत्नशील रहें।

# मायके में पत्नी ने किया झगड़ा, पति ने मार डाला

## पत्नी के जेवर लेकर भाग निकलने का भी लगा आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


घर में लगी महिलाओं की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ससुराल आए पति से मायके वालों के सामने पत्नी ने झगड़ा किया तो पति ने उसे गला दबाकर मार डाला। आरोप है कि विवाद को लेकर गुस्साए पति ने सोते समय अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। जेवर लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंचे एएसपी पूर्वी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र के गांव सरैया बरतेर निवासी सुमन ने बताया कि उसकी छोटी बहन मनीषा (28) की शादी सीतापुर जिले के थाना इमलिया सुल्तानपुर की चौकी कमलापुर के गांव सहरुइया निवासी मुकेश से हुई थी। बहन मनीषा होली के त्योहर पर अपने मायके सरैया बरतेर आई थी। दो दिन पूर्व मुकेश उसे विदा कराने आया था और साथ चलने के लिए कहा, लेकिन मनीषा ने एक दिन बाद जाने की जिद करने लगी। इसी बात को लेकर गुरुवार की शाम को दोनों में कहासुनी हो गई। रात में मुकेश छत पर जाकर चारपाई पर सो गया। मनीषा भी अपनी पुत्री संध्या को लेकर छत पर सोने चली गई। सुबह करीब चार बजे मनीषा की पुत्री संध्या के रोने की आवाज आई। आवाज देने पर छत से कोई जवाब नहीं आया। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने देखा तो मनीषा चारपाई पर लगी मच्छरदानी में मृत पड़ी थी। उसका पति मुकेश गायब था। सूचना पर एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, एसओ खीरी और चौकी इंचार्ज आदि के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी की गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

> मायके के लोग पति मुकेश पर गला दबाकर हत्या करने की बात कह रहे हैं। जिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह साफ हो सकेगी। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस जांच कर रही है।
> –रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी

# बाइक सवार युवक ने महिला से किया दुष्कर्म

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

▸▸ नीमगांव बाजार में खरीदारी करने आई थी महिला, पुलिस ने छेड़छाड़ की दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** नीमगांव बाजार में खरीदारी करने आई अनुसूचित जाति की महिला को एक युवक ने घर छोड़ने का झांसा देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया और उसे गन्ने के खेत में ले गया, जहां उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो उसके साथ जमकर मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। आरोपी की पिटाई से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह गुरुवार को सामान खरीदने कस्बा नीमगांव आई थी। घर वापस जाते समय शाम करीब छह बजे चमन चौराहे पर गांव लखनियापुर निवासी हरिओम बाइक से आया और कहा कि वह उसके गांव जा रहा है। उसे भी घर पर छोड़ देगा। वह उसके झांसे में आ गई और बाइक पर बैठ गई। बाइक चालक जब गांव लखनियापुर के निकट पहुंचा तो माझा नगर की तरफ जाने वाले कच्चे मार्ग पर बाइक मोड़ दी और गन्ने के खेत के पास बाइक रोककर उसे खेत में ले जाने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी जमकर पिटाई की और दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसके मुंह पर पेशाब कर दी। सोने का मटरमाला, टॉप्स और आठ हजार रुपये की नगदी लूट ली और भाग निकला। वह किसी तरह पड़ोसी गांव माझानगर पहुंची और दूसरे के मोबाइल से कॉल कर यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। इस पर यूपी 112 पुलिस और एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसे सीएचसी बेहजम लाई और उपचार कराया। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मारपीट व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है।

> पीड़िता से उसके साथ मारपीट और छेड़छाड़ हुई है, जिसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी कर चालान भेजा जाएगा। –श्रद्धा सिंह, थानाध्यक्ष थाना नीमगांव

# यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को निशाना बना रहे साइबर ठग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ बोर्ड सचिव ने ठगों से बचने के लिए जारी की चेतावनी

**अमृत विचार :** साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। मगर, अब यूपी बोर्ड के छात्रों को परीक्षा में फेल होने की जानकारी देकर पास कराने के बदले रुपये मांग रहे हैं। इस तरह की ठगी की जानकारी होने पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने इनसे सावधान रहने की एडवाइजरी जारी की है। यूपी बोर्ड का मूल्यांकन कार्य समाप्त हुए करीब सप्ताह बीत गया है। प्रयागराज स्थित ऑफिस में रिजल्ट तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। ऐसे में साइबर ठगों ने नंबर तलाश कर छात्रों को फोन कर परीक्षा में फेल होने की जानकारी देकर पास कराने का झांसा देते हैं। बातों में फंसा कर फिर यह उनसे खाते में पांच से दस हजार रुपये डालने के लिए कहते हैं। पास कराने के नाम पर होने वाली ठगी की जानकारी मिलने पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने पत्र जाकर छात्र एवं अभिभावकों को नंबर बढ़ने के प्रलोभन से बचने की सलाह दी है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस तरह का फोन व मैसेज आने पर डीआईओएस को सूचना दें, जिससे संबंधित पर मुकदमा दर्ज कराया जा सके।

> यदि कोई नंबर बढ़वाने से लेकर पास कराने का प्रलोभन देकर पैसे मांगता है तो उसके झांसे बिल्कुल न आए। छात्र व अभिभावक इस तरह के फोन एवं मैसेज आने की सूचना कार्यालय पर दें, जिससे संबंधित के खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके। –डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

# चिंगारी से लगी आग, महिला झुलसी

संवाददाता, निघासन (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव लुधौरी में बिजली तारों में अचानक स्पार्किंग होने लगी। इस दौरान गिरी चिंगारी से आग लग गई। आग बुझाते समय घर मालिक की पत्नी झुलस गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस अग्निकांड में दस हजार रुपये और घर में रखा सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। गांव लुधौरी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह मजदूरी करने गए थे। घर पर पत्नी काजल देवी मौजूद थी। तभी घर बिजली के तारों में स्पार्किंग होने हुई और चिंगारी गिरने से उसके घर में आग लग गई। पत्नी आग बुझाने के चक्कर में झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए और उपचार कराया। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आग लगने की खबर पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी और उसे बुझाने की कोशिश में जुट गए। सूचना के करीब पौन घंटे के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। क्षेत्रीय लेखपाल शिवम गुप्ता ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मुआयना किया गया है। पीड़ित को सरकार से मिलने वाली राहत राशि दिलाई जाएगी। अग्निकांड में घर में रखे 10 हजार रुपये, सोने–चांदी के जेवर, कपड़ा, राशन समेत सारा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।


गांव लुधौरी में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी और ग्रामीण।

### आग लगने से दो घर जले, हजारों का नुकसान

**संवाददाता, कुकरा (लखीमपुर खीरी), अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिकंदरपुर के मजरा लालजीपुर में निवासी शंकर पुत्र लाल बहादुर और राजेंद्र पुत्र कालू के छप्परनुमा दो घरों में लगी अचानक आग लगने से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे प्रधान धनीराम ने गांव वालों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान ने दोनों घरों के परिजनों को आठ हजार रुपये की आर्थिक मदद की। लेखपाल सपना त्रिपाठी ने मुआयना कर शासन से सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत भीराः भ्रष्टाचार की डिप्टी सीएम से शिकायत


लखनऊ में डिप्टी सीएम से मिलते नगर पंचायत भीरा के सभासद।

**भानपुर, संवाददाता, अमृत विचार।** नगर पंचायत भीरा के भाजपा समर्थित सभासदों ने लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से बुधवार को मुलाकात की। नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत कर मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। नवगठित भीरा नगर पंचायत के वार्ड संख्या– एक, दो, तीन व पांच के भाजपा समर्थित सभासद ने ईओ पर मनमानी करने के साथ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ईओ पर वार्डो में साफ सफाई न कराने तो वहीं पंचायत अध्यक्ष पर दलालो की मदद से आवास दिलाने के नाम पर धन उगाही करने का आरोप लगाया है। सभासदों ने बताया कि डूडा विभाग के डीसी विनय श्रीवास्तव ने पहली किश्त में पैसा न मिलने पर पहली किस्त का पैसा न भेजने का आरोप लगाया है। वार्ड संख्या दो के सभासद किशन ने बताया कि पंचायत अध्यक्ष समाजवादी पार्टी समर्थक है। इसलिए भाजपा सभासदो के वार्डों में काम नहीं करवा रही हैं। उधर, वार्ड संख्या पांच किसान नगर के सभासद सतीश ने बताया कि नगर पंचायत में अवैध वसूली व घटिया निर्माण कार्य को लेकर दर्जनों वीडियो वायरल होने के बाद भी ईओ और तहसील प्रशासन चुप्पी साधे है। सभासदों ने डिप्टी सीएम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### मतदान के लिए जागरूक करेंगे शिक्षक एसपी सिंह

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक एसपी सिंह ने लोगों को मतदान करने के प्रति प्रेरित करने के लिए अपनी बाइक पर स्लोगन लिखवाकर मतदाता शपथ से लेकर जागरूकता के पोस्टर तैयार किए हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उन्हें मतदाता जागरूकता का आईकान बनने को कहा है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने उनकी बाइक पर सवार होकर लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी होने का आह्वान किया है। शिक्षक एसपी सिंह बाइक से सभी मतदान बूथों पर जाकर वोट डालने की अपील करेगें। एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, एसडीएम रेनू मिश्रा, राजीव निगम, डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### तीन विद्यार्थियों का हुआ नवोदय में चयन

**संवाददाता, बिलहरी। अमृत विचार :** सिकंद्राबाद में संचालित नवोदय क्लासेज कोचिंग संस्थान के तीन विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन होने से लोगों में खुशी है। घरथनियां निवासी अशोक कुमार सिकंद्राबाद में नवोदय क्लासेज चलाते है। उनकी कोचिंग में अध्ययनरत जनकपुर गांव निवासी छात्र अनमोल पटेल पुत्र राजेश पटेल, रजवापुर गांव निवासी डेविड पुत्र सत्यपाल, मूड़ा अस्सी निवासी अखिल कुमार पुत्र भूपेन्द्र कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बच्चों के माता पिता ने सफलता का श्रेय शिक्षक अशोक कुमार को दिया है।

### संचारी रोग नियंत्रण माहः छात्रों ने निकाली रैली

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** संचारी रोगों से बचाव के लिए डीएस कॉलेज के छात्रों ने शहर में रैली निकाली और नगर वासियों को इनसे बचाव के प्रति जागरूक किया। रैली को प्रधानाचार्य आलोक गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कॉलेज से निकली रैली गोला रोड होते शहर के प्रमुख मार्गों से होकर कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। प्रधानाचार्य ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 30 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके तहत स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इनके विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### फ्लैग मार्च कर की शांति-सौहार्द बनाये रखने की अपील

**संवाददाता, भानपुर (लखीमपुर खीरी), अमृत विचार :** आगामी त्योहारों और लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस व प्रशासन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भीरा पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च एसओ भीरा पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया, जो बिजुआ कस्बा से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से होकर निकला। बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने बताया कि जो अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं। उन्हें इस फ्लैग मार्च से संदेश दिया गया है कि अगर वह अमन, शांति सहित सौहार्द और भाईचारा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### माइक्रो सर्जरी के प्रशिक्षणार्थी डॉ. संजय सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें दांत रोग विशेषज्ञों को स्पेन के प्रोफेसर मारियानो सैंज एवं यूएसए के प्रोफेसर हूं लिआंग चैन ने माइक्रोस्कोप की मदद से माइक्रो सर्जरी का प्रशिक्षण दिया गया। जिले के प्रशिक्षणार्थी डॉ. संजय मेल्होत्रा को यूएसए के प्रोफेसर हूं लिआंग चैन ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डेंटल सर्जन डॉ. संजय मल्होत्रा ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन पांच अप्रैल को हुआ। इसमें देश भर से 90 डेंटल सर्जन शामिल हुए। कार्यशाला में माइक्रो सर्जरी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का विषय माइक्रो सर्जिकल सॉफ्ट टिशू ऑग्मेंटेशन अराउंड नेचुरल टीथ एंड डेंटल इंप्लांट्स विषय था। स्पेन के प्रोफेसर मारियानो सैंज एवं यूएसए के प्रोफेसर हूंलिआंग चैन इस पर विस्तृत व्याखान देकर माइक्रोस्कोप की मदद से माइक्रो सर्जरी करने की विशेष ट्रेनिंग दी। दिल्ली में आयोजित इस शिविर के समापन पर प्रोफेसरों ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में दंत चिकित्सा विज्ञान के प्रोफेसर कुणाल ढींगरा सहित एम्स के कई प्रोफेसर मौजूद रहे।

### छात्रों को प्रवेश के समय देना होगा मोबाइल नंबर व ईमेल

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कक्षा नौ से 12 में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को आवेदन फार्म पर मोबाइल नंबर के साथ ईमेल आईडी अंकित करनी होगी। इसके बाद इन्हें यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसका उद्देश्य यूपी बोर्ड की ओर से जारी होने वाले निर्देशों को मोबाइल नंबर एवं ईमेल से अवगत कराना है। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है। इसके साथ ही स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। कक्षा नौ से लेकर 12 वीं में प्रवेश लेने वाले नए छात्र छात्राओं को आवेदन फार्म पर मोबाइल नंबर के साथ ईमेल आईडी भी लिखनी होगी, जिससे छात्र–छात्राओं को इनके माध्यम से शासन व शिक्षा विभाग से संबंधित सूचनाओं और योजनाओं की जानकारी मिलती रहे। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी अंकित कराने का उद्देश्य बोर्ड से जारी दिशा निर्देशों से छात्रों को अवगत कराना है।

माह–ए–रमजान

अलविदा की नमाज के लिए गुलजार रहीं जिले की मस्जिदें, जुटे अकीदतमंद

# अलविदा जुमे की नमाज में रोजेदारों ने मांगी मुल्क में अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** रमजान के आखिरी शुक्रवार को जिले भर में अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाज के वक्त सजदा के लिए हजारों सिर एक साथ खुदा के आगे झुके तो दुआ के लिए भी हजारों हाथ एक साथ उठे। रोजेदारों ने मुल्क की अमन की दुआ मांगी। सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही।

शहर की जामा मस्जिद में मौलाना इसहाक ने नमाज पढ़ाई। मीनार मस्जिद में मौलाना अशफाक रजा बरकाती ने नमाज पढ़ाई। इसके अलावा सुनहरी मस्जिद, हिदायतनगर, नौरंगाबाद, महराजनगर, हाथीपुर की मस्जिदों में वहां के पेश इमाम ने नमाज अदा कराई। मोहल्ला हिदायतनगर स्थित नजमुल शिया मस्जिद में नमाज़ हुई। शाही किला मस्जिद में मौलाना जर्रार, झंडे वाली मस्जिद में कारी अख्तर रज़ा बरकाती, रहम अली शाह मजीद में हाफिज वसी, गरीब नवाज मस्जिद में हाफिज मतीन रजा रहमानी और मस्जिद मुगली टोला मस्जिद में गौसुल आजम, डीहपुर कटरे की मस्जिद, शेख सरांय की मस्जिद, मस्जिद सैयद मख्दूम साहब की मस्जिद दरगाह में नमाज अदा की गई।


शहर स्थित कचहरी मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते नमाजी।


झंडे पीर मस्जिद में नमाज़ अदा करते नमाज़ी। अमृत विचार

■ **खीरी टाउन :** मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस दिन मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर एक अलग ही रौनक देखने को मिली। बच्चों से लेकर बूढ़े तथा जवान सभी लोग इस दिन मस्जिदों में इबादत करते हैं। ऐसा माना जाता है कि अलविदा की नमाज अदा कर लोग अल्लाह से जो भी दुआ मांगते हैं वह पूरी तरह से कबूल होती है। नमाज अदा करने के बाद रोजेदार एक–दूसरे से गले मिले रोजेदारों ने मस्जिदों के बाहर गरीबों, विधवा महिलाओं और जरूरतमंद लोगों के बीच नए कपड़े बांटे।

■ **पलिया कलां :** नगर की सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज पुलिस एवं तहसील प्रशासन की मौजूदगी में सद्भावना पूर्ण माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, मदीना मस्जिद, रजा मस्जिद व गौसिया मस्जिद सहित क्षेत्र के अन्य कई ग्रामों की मस्जिदों में अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आरती यादव, सीओ यादवेंद्र यादव, कोतवाली प्रभारी विवेक उपाध्याय आदि पेट्रोलिंग करते रहे।

■ **मितौली :** अलविदा की नमाज के मौके पर मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस फोर्स भी तैनात रहा। क्षेत्र में शिद्दत के साथ जुमे की नमाज अदा कर देश मे अमन चैन भाईचारे की दुआ की गई। मितौली कस्बे की जामा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद एजाज, नूरी जामा मस्जिद में मौलाना इरफान उल हक व कादरी मस्जिद में हाफिज राशिद खान ने अलविदा की नमाज अदा कराई। इस दौरान सीओ शमशेर बहादुर सिंह व थाना प्रभारी मितौली राजू राव, क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार पुलिस के साथ मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहे।

■ **निघासन :** अलविदा की नमाज क्षेत्र के दर्जनों गांवों की मस्जिदों में शांति पूर्वक आ अदा की गई। इस दौरान मस्जिदों पर बल मुस्तैद रहा। सीओ प्रवीन यादव व एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने क्षेत्र की मस्जिदों का जायजा लिया।

■ **बरवर :** मस्जिद कुरैशी यान में हाफिज वसी अहमद, जामा मस्जिद में ईदगाह पेश इमाम मौलाना व अनीस अहमद, मस्जिद उमर अब्दुल हक, मस्जिद अबुहुरा में कारी जमाल, मस्जिद करीम बख्श, मस्जिद बिलाल आदि में अलविदा की नमाज पढ़ाई गई। मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी भी पूरी तरह से अलर्ट रहे।

■ **सिंगाही :** मुकद्दस रमजान के आखिरी जुमे यानि अलविदा जुमा पर मस्जिदों में भारी संख्या नमाजी उमड़े। जामा मस्जिद में इमाम मुजीबुर्रहमान ने माह ए रमजान की फजीलत बयां की। अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया भी पूरी तरह से अलर्ट रहे।

## एक नजर

### चुनाव की शिकायतों के निस्तारण व अनुमति के लिए एप को करेंगे प्रभावी

**लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : चुनाव में शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तहसील में सी-विजल एप को प्रभावी बनाया जाएगा। इसके तहत निर्वाचन से जुड़ी शिकायतों का प्रत्येक दशा में 100 मिनट के अंदर निस्तारण सुनिश्चित होगा। उक्त बातें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में एसडीएम प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताई। एसडीएम ने प्रतिनिधियों से शिकायतों को इस एप के जरिए ही शिकायतें दर्ज कराए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि सी-विजल एप को मोबाइल में लोड कराया जाएगा। राजनीतिक दलों को कार्यक्रमों की अनुमति के लिए आवेदन के लिए सुविधा एप को भी गतिमान रखा जाएगा। बैठक में भाजपा के बृजेन्द्र पाण्डेय व ललित त्रिपाठी, सपा के रोशन लाल सरोज, कांग्रेस के ज्ञान प्रकाश शुक्ल, आप नेता वृहस्पति पाण्डेय शामिल रहे।

# देश में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं

## अलविदा की नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर रही कड़ी सुरक्षा, शांतिपूर्ण निपटी नमाज

संवाददाता, प्रयागराज



नमाज पढ़ते लोग।

**अमृत विचार :** रमजान में पड़ने वाला आखिरी जुमा शुक्रवार यानि अलविदा की नमाज को लेकर शहर में कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए। मस्जिदों में नमाजियों की अधिक भीड़ को देखते हुए खास इंतजाम किए गए हैं। पुराने शहर में सुरक्षा को लेकर पुलिस, पीएसी आग आरएएफ की तैनाती पहले से ही कर दी गई है। चौक जामा मस्जिद शिया जामा मस्जिद चक समेत शहर के तमाम मस्जिदों के बाहर फोर्स की कड़ी तैनाती की गई है। सभी मस्जिदों में शांति पूर्वक नमाज अदा की गई।

अलविदा की नमाज को लेकर मस्जिदों के आसपास के पार्क, खाली मैदान, गेस्ट नमाज नमाज पढ़ने का इंतजाम कराया गया। मस्जिद कमेटी और इमाम ने खुद इस बात के लिए अपील की कि सड़क पर नमाज न अदा करें। जौहर की नमाज की तरह अलविदा की नमाज के लिए मस्जिद में अलग-अलग समय तय किया गया। दोपहर 12.50 बजे नमाज शुरू हुई। नमाज के मद्देनजर पूरे शहर में हाई अलर्ट भी जारी किया गया था।

**मस्जिदों के अंदर दो शिफ्ट में अदा हुई नमाज़ :** माहे मुक़द्दस रमज़ान के पच्चीसवें रोज़े पर रमज़ान के आखरी जुम्मे पर शान्ति और सदभाव के साथ जुम्मतुल अरमान नमाज़ अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ सम्पन्न हुई। सरकार व शासन प्रशासन की हिदायत को ध्यान में रखते हुए चौक जामा मस्जिद ,चक शिया जामा मस्जिद, रौशन बाग़ शाह वसीउल्ला मस्जिद, मस्जिद करैली, धोबी घाट हरी मस्जिद रेलवे स्टेशन की बड़ी मस्जिद, दायरा शाह अजमल की खानकाह ए अजमल, रानीमंडी, बख्शी बाज़ार, अकबरपुर , रसूलपुर, अटाला, दरियाबाद, समदाबाद, रानीमंडी, हटिया, बहादुरगंज, बरनतला, शाहगंज, सब्ज़ी मण्डी, कटरा आदि मस्जिदों के अंदर ही बाजमात नमाज़ अदा कराई गई। दायरा शाह अजमल के सज्जादानशीन अलहाज सैय्यद ज़रार फाखरी के अनुसार रोज़ादारों की सहूलियत को दो बार बाजमात पढ़ाई गई। पहली नमाज़ का खुतबा दिन के डेढ़ बजे तो दूसरा खुतबा दिन के ढ़ाई बजे सुनाया गया।

### काली पट्टी बांध कर क़िब्ला-ए-अव्वल की रिहाई को जुटे शिया नमाज़ी

क़िब्ला-ए-अव्वल की इज़राईल की क़ैद से आज़ादी को दुनिया भर के शिया मुसलमानों ने जुम्मतुल विदा पर यौमे क़ुद्स मनाया। बाहों पर काली पट्टी बांध कर भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस ओर ध्यान आकर्षित कराने को लेकर पूर्व वर्षों की भांति यौमें क़ुद्स मनाया। उलेमाओं ने कहा इजराइल में मुस्लिमों का क़िब्ला-ए-अव्वल है। जो इजराइल के कब्जे में है और उसकी आज़ादी को ही हर वर्ष यौमे क़ुद्स मनाया जाता है। वहीं फलस्तीन में मरे बेगुनाह बच्चों बूढ़ों माताओं और नौजवानों की मग़फिरत की दुआ के साथ फिलिस्तीन सामानों के बहिष्कार की भी आवाज़ उठाई गयी।

# पूरे अकीदत के साथ अदा की गयी अलविदा की नमाज़

संवाददाता, जौनपुर।



**अमृत विचार :** इस्लाम धर्म के रहमतों, बरकतों के महापर्व रमज़ान के आखरी जुमा अलविदा की नमाज़ नगर और आस पास की मस्जिदों में पूरी अकीदत के साथ सम्पन्न हुई। शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के घरों में बड़े बूढ़े बच्चे सब अलविदा नमाज़ की तैयारियों में लगे रहे।सभी ने नहा धोकर वक्त से पहले मस्जिदों में पहुंच कर अपना अपना स्थान ले लिया ताकि भीड़ बढ़ने पर नमाज़ इधर उधर न अदा करनी पड़े।

नगर के इराकियाना, शाहपन्जा, भादी, नई आबादी, हुसैनगंज,मेन रोड, मिल्लत नगर, अहमद नगर,नजीराबाद, भटियारी सराय,घासमंडी के अंजुमन मस्जिद में इमाम मौलाना2 सहाबुद्दीन, नूर मस्जिद पाकीज़ा फैक्ट्री में मौलाना राफे के इमामत में नमाज़ अदा हुई। इसके साथ ही तमाम मस्जिदों में नमाज़ अदा की गई। नगर की प्रमुख मस्जिद और शाही ईद गाह में मौलाना साकिब हासमी की इमामत में अलविदा की नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद दुआख्वानी में देश मे अमन शांति, शौहार्द ,और मुल्क की तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अजीत सिंह चौहान, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय और पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी पर डटे रहे।



मतदाता जागरूकता रैली निकाल जागरूक करती स्कूली छात्राएं। अमृत विचार

## मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिये विकास खण्डों में साइकिल रैली निकालकर किया गया जागरूक

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार** : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के घोषणा के बाद जनपद में अन्तिम व 7वें चरण में एक जून 2024 को चुनाव की तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश व प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के मार्ग निर्देशन में जनपद के विकास खण्डो व विभिन्न स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खण्ड जमालपुर के महुली, बेलखरा सहित अन्य ग्राम पंचायतो में रंगोली व सेल्फी प्वांइट बनाकर लोगों को मतदान करने के प्रति आकर्षित करते हुये मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इसी प्रकार विकास खण्ड पहाड़ी के सिंधौरा ग्राम पंचायत व विकास खण्ड कोन में में एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली के माध्यम से व विकास खण्ड मझवा, विकास सीखड़, जमालपुर, हलिया, नरायनपुर सहित सभी विकास खण्डों में साइकिल रैली निकालकर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर एक जून 2024 को मतदान करने के लिये अपील किया गया। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जी डी बिनानी पीजी कालेज मीरजापुर में आज प्राचार्य प्रो. वीना सिंह जी के अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 में मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने के लिए आज स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी श्री वशीम अकरम अंसारी और महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ ऋषभ कुमार और समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर सुशील कुमार त्रिपाठी जी द्वारा किया गया गया।

## कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन 10 तक

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी 10 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार ( 01.04.2024) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगी यथा रेलवे, बैंकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, समूह-ग, समीक्षा अधिकारी, बीएड, पीईटी, टीईटी इत्यादि की तैयारी करायी जायेगी। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ 10 अप्रैल तक जिला सेवायोजन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमाकर सकते है।

# बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौत

कुण्डा प्रतापगढ़

**हादसा**

**अमृत विचार :** दो बाइक की आमने - सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें घायल टेम्पो चालक समेत दो युवकों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए लिए भेज दिया।

कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के पछिया बरई गांव निवासी कल्लू सरोज के पांच बेटे व तीन बेटी थी। सबसे बड़ा बेटा राज कुमार, राजेंद्र सरोज, राजू सरोज, करन सरोज व अर्जुन सरोज थे। चौथे नंबर का बेटा करन टेंपो चलाने का काम करता था। शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे वह बाइक से चौरा गांव में रिश्तेदार के घर हुई मिट्टी में शामिल होने के लिए जा रहा था कि गांव के पास बाइक की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें चारों घायल हो गए। लोगों की मदद से चारों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा लाया गया। जिसमें 19 वर्षीय करन सरोज पुत्र कल्लू, गांव के 50 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र राम खेलावन निवासीगण पछिया बरई कुंडा व जेठवारा के महमदपुर गांव निवासी 25 वर्षीय नीलेश पुत्र लालजी यादव,45 वर्षीय अलीम पुत्र मो. नईम घायल शामिल रहे। हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने नीलेश,करन सरोज व अलीम को चिकित्सकों ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान करन की मौत हो गई। मौत से मां राजकुमारी, पिता कल्लू सरोज, बहन मंजू, माधुरी, खुशबू समेत भाईयों को रो रोकर बेहाल हैं। घायल अलीम पुत्र नईम की भी इलाज के दौरान देर शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुंडा कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सपा ने मनाई महर्षि कश्यप व निषादराज की जयंती



**मिर्जापुर। अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में सृष्टि के रचयिता महर्षि कश्यप एवं भगवान श्री राम के सखा निषादराज गुह्य की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर विचार गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में सर्वप्रथम सृष्टि के रचयिता महर्षि कश्यप एवं निषाद राज गुह्य के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा गुह्यराज निषाद दोनो महापुरूषो का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि निषाद राज का जन्म केवट जाति के परिवार में हुआ था निषादराज गुह्य ने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करते हुए भगवान राम माता सीता वाह छोटे भाई लक्ष्मण के पैर धोकर ही अपनी नाव से गंगा नदी पार करवाई थी। गोष्ठी को सम्बोधित करने वालो में रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, अमिताभ पाण्डेय, आदर्श यादव, राजेश भारती, रामगोपाल बिन्द, रामजी मौर्या, झल्लू यादव, मेवालाल प्रजापति, कौशिक कन्नौजिया, विजयशंकर यादव, भोला यादव, अशोक यादव, योगेश यादव, जितेन्द्र बिन्द, रामजी बिन्द, राहुल यादव, सूरज यादव, रामसुधार कुशवाहा, रामजी यादव, शिवकुमार यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में चुनार किला स्थित बालूघाट पर निषादराज गुह्य की मूर्ति पर माल्यापण कर उनको नमन किया। इस मौके पर वक्ताओ ने कहा कि निषादराज के आदर्श मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

### नगर पालिका के दो कर्मचारी घूस लेते गिरफ्तार

**जौनपुर। अमृत विचार** : एंटी करप्शन टीम वाराणसी ने नगर पालिका परिषद में छापा मारकर घूस लेते हुए दो कर्मचारियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। रिश्वत लेते कर्मचारियों को पकड़े जाने से सरकारी कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। टीम ने दोनों को लाइनबाजार थाने पर लाकर लिखा पढ़ी कर रही है मिली जानकारी के अनुसार रमेश नामक ठेकेदार से बकाये बिल का भुगतान करने के लिए एकाउंटेंट टी एन सिंह रिश्वत मांग रहा ठेकेदार ने कई बार भुक्तभोगी ने मिन्नत किया इसके बाद भी भुगतान नही हुआ , उसके बाद उसने एंटी करप्शन टीम वाराणसी से सम्पर्क किया। टीम ने आज जाल बिछाकर कर अकाउंटेंट टीएन सिंह और बाबू शनि वाल्मीकि को एक लाख 65 हजार रुपये घुस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया ।

### घर के सामने नल पर पानी भरते समय युवती अगवा

**रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : घर के सामने नल पर पानी भरते समय युवती को बाइक सवार दो युवक जबरन बाइक पर बिठाकर फरार हो गए। यह देख युवती की आठ वर्षीया भतीजी चीखी तो परिजन दौड़ कर पहुंचे। तब तक बाइक सवार युवती को लेकर फरार हो चुके थे। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। रानीगंज थाने में तहरीर देकर युवती के पिता आरोप लगाया है कि दोपहर करीब एक बजे उसके घर पर पुरूष वर्ग कोई नहीं था, घर पर महिलाएं थी। इसी बीच उसकी बेटी घर के बाहर नल पर पानी भरने गई थी। तभी बाइक सवार दो युवक आए और उसकी बेटी को बाइक पर बिठाकर फरार हो गए। घर की छोटी बच्ची के चीखने पर घर वाले दौड़े तब तक बाइक सवार बेटी को बिठाकर भाग चुके थे। आरोप है कि युवती के मंगेतर के पास कॉल करके अगवा करने वालों ने फिरौती मांगी और जान से मारने की धमकी दी, साथ ही मांग पूरी न करने पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी दी। घटना के बाद युवती का परिवार सहमा हुआ है। एसओ रानीगंज आदित्य सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### एनएचएम कर्मचारियों को मिलेगा दुर्घटना बीमा का लाभ

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : जनपद के संविदा कर्मचारियों को शासन की ओर से एक बड़ी राहत दी गई है। एक हजार से अधिक एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का 30 लाख रुपये प्रति कर्मचारी का दुर्घटना बीमा कराया जा रहा है। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी की ओर से जिले भर के 17 ब्लाकों में स्वास्थ्य कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें डाक्टर्स, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, जिला डेटा, जिला डेटा ऑपरेटर, ब्लाक कार्य क्रम प्रबंधक, स्टाफ नर्स,एलटी, सीएचओ , एएनएम, आदि अन्य पदों पर लोग काम कर रहे हैं। इन सबको इसका लाभ मिलेगा। इन स्वास्थ्य कर्मियों को सरकार की ओर से वेतन को छोड़ कर अन्य कोई सुविधा नहीं दी जा रही थी। अब शासन की ओर से प्रति कर्मचारी को 30 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री शिशिर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने सभी चिकित्सा अधीक्षकों व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कागजी कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया ( मिर्जापुर ) । अमृत विचार** : स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी गणेश गिरि ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर तीन लोगों के विरुद्ध गाली गलौज समेत मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया ।दी गई तहरीर में बताया है कि शुक्रवार की सुबह गांव निवासी राहुल, सत्यम,करन गाली गलौज देने लगे कि मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने जिससे सिर फट गया बीच बचाव करने के लिए आयी मां निर्मला को भी मारपीट कर घायल कर दिया जिस पर तहरीर के आधार पर तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन

**कोरांव/नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार कोरांव राजेश कुमार पाल उपस्थित रहे । इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. साबिर अली ने समस्त अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई एवं सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जो कोरांव बाजार होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. संतलाल, राकेश कुमार सिंह, अखिलेश शुक्ला, डॉ. विद्याकांत तिवारी, राजेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार मिश्रा, गिरीजेश कुमार तिवारी, महेंद्र कुमार मौर्य, अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी, गिरिजेश कुमार तिवारी, राकेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म तीन के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** घर से बाहर लकड़ी लेने के लिए निकली गर्भवती महिला के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। उसके प्राइवेट पार्ट में डंडा भी डाल दिया। जिससे गर्भ भी खराब हो गया। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अंतू थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गड़वारा के एक सभासद का आरोप है कि उसके विरोधी विवादित जमीन पर जबरन निर्माण कर रहे थे। वह लोग एक जनप्रतिनिधि के करीबी बताए जा रहे हैं। विवाद होने पर एक दिन पहले जन प्रतिनिधि ने मामले में हस्तक्षेप भी किया था। गुरुवार को विरोधी निर्माण करने लगे तो उसने गड़वारा चौकी को सूचना दी। पुलिस ने काम बंद कर दिया तो वह लोग आक्रोशित हो गए। सभासद के अनुसार गुरुवार रात

**▸▸ हालत गंभीर, महिला का अस्पताल में चल रहा इलाज**

करीब नौ बजे उसकी गर्भवती पत्नी घर के बाहर लकड़ी लेने गई तो तीन लोगों ने उसे किनारे खींच कर दुष्कर्म किया। उसके गुप्तांग में डंडा डाल दिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। गंभीर हालत में महिला को मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां अभी इलाज चल रहा है। अंतू पुलिस ने तहरीर के आधार पर जीतलाल वर्मा,मक्खन लाल वर्मा, शिवा वर्मा के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी ओर एक दिन पूर्व पीड़िता के पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ मारपीट समेत धाराओं में केस दर्ज हुआ था। मामले में सीओ सिटी शिव नारायण वैश ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही जा रही है।

## मोबाइल चार्जिंग लगाते समय लगा करंट, मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार** : बेटी के घर आए अधेड़ पिता की मोबाइल चार्जिंग में लगाते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घर वालों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हादसे से परिजन बिलखते रहे। प्रयागराज के सोरांव लखनीपुर गांव निवासी मनोज द्विवेदी (55) गुरुवार को महेशगंज के रायगढ़ कांटेजोत गांव में अपनी बेटी के घर आए थे। वहां पर देर रात मोबाइल चार्जिंग में लगाते समय उनको करंट लग गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कुंडा ले आये, जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंचे परिजन रात में ही शव लेकर घर चले गए। शुक्रवार को बिना पुलिस को सूचना दिए। अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ महेशगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मुझे घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बेटियों ने दी पिता की अर्थी को कंधा

मिथलेश त्रिपाठ, प्रयागराज



अर्थी को कांधा देती बेटियां।

**अमृत विचार:** पहले पत्नी की मौत, फिर जवान बेटे की मौत से टूट चुके शिव शंकर दुबे की लंबी बीमारी से गुरूवार की देर रात मौत हो गयी। पिता की मौत की खबर मिलते ही ससुराल में रही बेटियां रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गयी। चारों बेटियों ने मिलकर पिता की अर्थी को कंधा दिया और श्मशान घाट पर पहुंचकर मुखाग्नि दी। बेटियों के इस फर्ज और कर्तव्य को देखकर घाट पर मौजूद रहे लोगों की आंखे भर आईं।

यमुना नगर के नैनी स्थित शिव नगर के रहने वाले शिव शंकर दुबे (75) वर्ष मूल रूप से टिकर तहसील बरहज जिला देवरिया के रहने वाले थे। गुरूवार की देर रात बीमारी से उनकी मौत हो गयी। वह कर्मचारी राज्य बीमा के प्रबंधक के पद से सेवा निवृत्त हुए थे। वह एक बेटा, चार बेटियां और उनकी पत्नी के साथ रहते थे। करीब 15 साल पहले पत्नी ललिता देवी की बीमारी

**▸▸ चार बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, दी मुखाग्नि**

से मौत हो गयी। इसके बाद बेटे ने किसी कारण से खुदकुशी कर ली थी। चारों बेटियों में अंजू उर्फ गुड्डी, सुमन उर्फ किरण, सीमा और सीमा की शादी हो चुकी थी। परिवार में वह अकेले रह गये। बेटियों की शादी होने के बाद वह सभी ससुराल मे रहने लगी। पिता का हाल जानने के लिए सभी अक्सर आया जाया करती थी। बीते कुछ महीनों से शिव शंकर की तबियत बिगड़ हुयी थी। बेटियों ने उन्हे कुछ दिन पहले ही स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सभी बहने बारी बारी से देखभाल करती थी। गुरूवार की देर रात शिव शंकर के शरीर ने साथ छोड़ दिया। साथ रही बेटी ने अन्य बहनों को जानकारी दी। जिसके बाद सभी रोते बिलखते अस्पताल पहुंची और वहा से पिता के शव को लेकर घर आ गयी। पिता के शव के अंतिम संस्कार के लिए चारो बेटियों ने कंधा दिया और दारागंज श्मशान घाट पहुंच गयी। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पिता को मुखग्नि दी। बेटियों के इस कर्तव्य और फर्ज को देखकर सभी की आंखे भर आई।

**महाकुंभ** | **बिजली के स्थाई कार्यों के लिए सरकार से मिले 140 करोड़**

# तैयार हो रहा नया पावर स्टेशन

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** प्रयागराज में महाकुंभ-2025 को लेकर शासन की तैयारियां तेज होने से साथ ही अब धरातल पर दिखने लगी हैं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप शासन स्तर पर हर कार्य की निगरानी की जा रही है। महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए नए पावर स्टेशन स्थापित करने के साथ नई लाइनें बिछायी जा रही हैं। बिजली के स्थाई कार्यों के लिए सरकार से 140 करोड़ भी जारी किये गये है।

महाकुंभ की शुरुआत हिंदू सनातन धर्म के अखाड़ों से निकलने वाली शोभा यात्रा की पेशवाई से शुरु होती है।अलग-अलग अखाड़े शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लाव लश्कर के साथ भव्य जुलूस के साथ कुंभ क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। पेशवाई के इन मार्गों में बिजली के पोल अक्सर असुविधा की वजह बन जाते हैं। ऐसे में इन्हे हटाने की तैयारी तेज कर दी गयी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटाए जाने की कवायद शुरु कर दी गयी हैं। इसके लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति मिल चुकी है। अब कुंभ क्षेत्र के परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में अंडर ग्राउंड केबिल बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रिपल आईटी चौराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड केबिल बिछायी जा रही है।

### 140 करोड़ से किया जा रहा बिजली विभाग का कार्य



महाकुंभ-2025 के मद्देनजर प्रशासन अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे करने की तैयारी है। शासन और प्रशासन कोई कमी नही छोड़ना चाहते है। इसी के तहत शहर में बिजली के स्थायी कार्यों को पूरा किया जा रहा है। इसके तहत शहर में 132 केवी की क्षमता के दो बिजली घर बनाए जा रहे हैं। इसमें एक हेतापट्टी और दूसरा बेली का इलाका शामिल है। हेतापट्टी का बिजली घर चालू हो चुका है। वहीं बेली के स्टेशन को लेकर कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा 94 वितरण परिवर्तक भी स्थापित हो चुके हैं।

## अली ने बनाया था प्लान, शूटरों को मिली थी वार्निंग

**प्रयागराज। अमृत विचार:** उमेशपाल हत्याकांड के मामले में एक और खुलासा हुआ है। नैनी जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली से हुई पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले है। जिन पहलुओं पर जांच की जा रही है। सूत्रों की माने तो उमेश पाल हत्याकांड घटनाक्रम की पल पल की खबर अली को थी। नैनी जेल में गुलाम हसन सहित अन्य शूटर अली से पांच बार मिलने गए थे। इस पांच मुलाक़ात में दो बार प्लान फेल हो गया था। दो बार नाक़ामयाबी मिलने के बाद अली ने नाराजगी जताई थी और शूटरों को वार्निंग दी थी। कहा था कि इस बार काम तमाम होना चाहिए, नहीं तो अपनी शक्ल मत दिखाना। इस वारादात में शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान के साथ सदाकत भी मौजूद था। सदाकत ने पूछताछ में जो राज उगले है। सदाकत ने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम से अतीक से मीटिंग हुई थी। फेस टाइम से एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी कराई गयी थी। उस मीटिंग में खुद सदाकत मौजूद था। माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र जल्द ही दाखिल किया जायेगा।

**उमेशपाल हत्याकांड**

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार:** राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदीहार स्थित सब्जी मंडी के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार अधेड़ की मौत स्वजनों में मचा कोहराम। मृतक बाइक सवार राम अवध 50 वर्षीय पुत्र जय सिंह अपने लड़की की शादी का कार्ड बांटने के लिए घर से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर अनियंत्रित स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार की मौत हो गई जैसे यह खबर स्वजनों को पता चली मौके पर अस्पताल में पहुंचे लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो चुकी थी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल मौके पर ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह पटेल सुजीत पटेल राजू सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने राजगढ़ थाने पहुंचकर मृतक की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मिर्जापुर भेजवाया। जानकारी के अनुसार मृतक राम अवध उर्फ गुड्डू अपने लड़की की शादी का कार्ड बांटने के लिए घर से निकले घर से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर नदिहार में स्थित सब्जी मंडी के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें राजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान की मौत हो गई। मृतक राम अवध उर्फ गुड्डू की चार लड़किया थी। जिसमें उन्होंने दो की शादी कर दी थी। तीसरे लड़की की शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे की घटना से घर में मातम छा गया। इसी महीने में उनकी लड़की की शादी होनी थी। घटना से स्वजनो का रोग का बुरा हाल है। स्कॉर्पियो गाड़ी को पड़कर पुलिस अपने साथ थाने ले गई। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

